# मुख्य अभियंता, दक्षिण का कार्यालय
# पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना

## दिनांक 30/3/2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, बिहारशरीफ अन्तर्गत Re-Tender of IRQP Work of Left Out Portion Noorsarai to Silao Road (from Noorsarai to Begampur Ch. 0.00Km to Ch. 13.555Km) for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर विभागीय पत्रांक–6228 (S) दि0–30.12.2021 के आलोक में निर्णय हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री राजकुमार, मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना – अध्यक्ष

(ii) – रिक्त – , सचिव (प्रा०),मुख्य अभियंता, (दक्षिण) प0नि0वि0, बिहार, पटना – सदस्य

(iii) श्री साधु शरण, अधीक्षण अभियंता, केन्द्रीय पथ अंचल, प०नि०वि०, पटना – सदस्य

2. निविदा के संबंध में विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | पथ प्रमंडल, बिहारशरीफ अन्तर्गत Re-Tender of IRQP Work of Left Out Portion Noorsarai to Silao Road (from Noorsarai to Begampur Ch. 0.00Km to Ch. 13.555Km) for the year 2025-26 |
| 2.2 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, बिहारशरीफ । |
| 2.3 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹ 683.97 लाख। विभागीय पत्रांक–8043(S) दिनांक–18.09.2025 |
| 2.4 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹ 719.16 लाख। मुख्य अभियंता, दक्षिण, पथ निर्माण विभाग का पत्रांक–3537 अनु0 दिनांक–27.09.2025 |
| 2.5 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹ 6,91,79,628.00 |
| 2.6 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 03 माह |
| 2.7 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.8 | निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि | : | 21.02.2026 |
| 2.9 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | 02 (दो) अदद |
| | (i) M/S Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd. | : | (ii) Shivmay Construction Equipments Pvt. Ltd. |
| 2.10 | परिवाद की स्थिति | : | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की तिथि तक इस निविदा में कोई परिवाद प्राप्त नहीं है। |
| 2.11 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | हाँ । विभागीय अधिसूचना सं0–3162(S)दिनांक–09.05.16 के आलोक में प्रथम बार आमंत्रित निविदा में एकमात्र निविदाकार के सफल होने के कारण पुनर्निविदा आमंत्रित की गई है। |

## 3. तकनीकी बीड का मूल्यांकन

| Sl. No. | Particulars of Items | Clause No. | Minimum Requirements | Provided by | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **M/s Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd** | **Shivmay Construction Equipments Pvt. Ltd.** |
| | | | | **1** | **2** |
| 1 | Registration | As per IFB/NIT | - | RCD, Bihar, Class-1 Reg No. 1230031 Valid upto 19.03.2028 | RWD, Bihar, Class-1 Reg No. 1230089 Valid upto 05.04.2028 |
| 2 | Cost of BOQ ( in Rs.) | As per NIT/BOQ | ₹ 10,000.00 | ₹10000.00 | ₹10000.00 |
| 3 | Earnest Money (Rs. in Lacs) | ITB- Cl-16 & IFB | ₹ 13.836 lakh | ₹13.84 lakh | ₹13.85 lakh |
| 4 | Earnest Money valid upto (As per earnest money validity) | ITB- Cl-16 & IFB | 165 days | 196 days | 177 days |
| 5 | Bid Validity upto (As per Bid Validity Period) | ITB- Cl-15 | 120 days | 120 days | 180 days |
| 6 | Experience of similar nature of work (Rs. In Lacs) (10%) | ITB- Cl-4.5 (A)(b) | ₹ 69.18 lakh | ₹ 866.68514 lakh | ₹ 301.80124 lakh |
| 7 | Annual Turn over (Rs. In Lacs) (50%) | ITB- Cl-4.5 (A)(a) | ₹ 345.90 lakh | ₹ 42054.6952 lakh | ₹ 2518.9125 lakh |
| 8 | Legal Identity | ITB- Cl-4.3 (a) L.No.-8131 (S)we dated 24.07.12 | - | Pvt. Ltd. | Pvt. Ltd. |
| 9 | Technical Personnel | ITB- Cl-4.5 (B)(b) | - | Attached | Attached |
| 10 | Key Plants & Equipment | ITB Cl-4.5 (B)(a) | - | Attached | Attached |
| 11 | Experience of work done Quantity ($M^3$) | ITB Cl-4.5 (A)(c) | | | |
| | Concrete Work ($M^3$) | | 4988.37 $M^3$ | 9366.0 $M^3$ | 5197.32 $M^3$ |
| | Non Bituminous work ($M^3$) | | 2534.02 $M^3$ | 13334.03 $M^3$ | 2569.74 $M^3$ |
| | Earth Work ($M^3$) | | 2156.70 $M^3$ | 28666.80 $M^3$ | 16209.41 $M^3$ |
| | Bituminous Work ($M^3$) | | 584.792 $M^3$ | 5864.267 $M^3$ | 919.65 $M^3$ |
| 12 | Existing Commitment and on going work(Rs. in lacs) | ITB Cl-4.7 | - | ₹ 14548.71 lakh Not as per NIT Sl. No. 38 | ₹ 1817.898 lakh Not as per NIT Sl. No. 38 |
| 13 | Bid Capacity (Rs. in lacs) | ITB Cl-4.7 | ₹ 691.79628 lakh | - | - |
| 14 | Programme of Construction | ITB Cl-4.3 (l) & 4.5(B)(a) | 03 Month | Attached | **12 Month** |
| 15 | Power of Attorney on Rs. 1000/- stamp | ITB- Cl-4.2 (iv) | - | Attached | Attached |
| 16 | Liquid Assets and Credit Facility (10%) (Rs. in Lacs) | ITB- Cl-4.5 (B)(c) | ₹ 69.18 lakh | ₹ 150.00 lakh | ₹ 200.00 lakh |
| 17 | Whether Undertaking attached (25%) | ITB- Cl-4.2(ii) 4.3 (h) | 25% of the value of work (₹ 172.95 lakh) | 25% of the value of work | 25% of the value of work |
| 18 | Whether Affidavit attached with Rs. 25 Stamp | As per NIT | - | Attached | Attached |
| 19 | Responsive/Non Responsive | - | - | **Non-Responsive** | **Non-Responsive** |

इस निविदा में कुल 02 (दो) निविदाकार द्वारा भाग लिया गया है। सभी 02 (दो) निविदाकारों यथा (i) M/S Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd एवं (ii) Shivmay Construction Equipments Pvt. Ltd. द्वारा वांछित अग्रधन की राशि BG के माध्यम से जमा किया गया है। जिसका सत्यापन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बिहारशरीफ द्वारा करा लिया गया है।

4. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः–

4.1 अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, केन्द्रीय पथ अंचल, पटना के पत्रांक–446 (अनु०), दिनांक–28.02.2026 से प्राप्त तकनीकी बीड तथा इसके साथ संलग्न जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय निम्नवत् है :–

4.2 पथ प्रमंडल, बिहारशरीफ अन्तर्गत **Re-Tender of RQP Work of Left Out Portion Noorsarai to Silao Road (from Noorsarai to Begampur Ch. 0.00Km to Ch. 13.555Km) for the year 2025-26** कार्य के लिए प्राप्त पुनर्निविदा की तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गई। समीक्षोपरान्त पाया गया कि–

(i) निविदाकार **Shivmay Costruction Pvt. Ltd** द्वारा **Existing Commitment and ongoing work** से संबंधित **uploaded** प्रमाण पत्र **ITB Cl. 4.7** एवं **NIT** क्रमांक–38 के अनुसार **Engineer in Charge** के द्वारा निर्गत नहीं है। साथ ही इनके द्वारा निविदा के साथ संलग्न **Programme of Construction** के तहत 12 Month का पेपर अपलोड किया गया है। इस प्रकार ये **ITB Cl. 4.7** एवं **NIT** के क्रमांक–38 के तहत **ITB Cl.-4.3(1)& 4.5(B)(a)** की वांछित न्यूनतम अहर्त्ता पूर्ण नहीं करते है।

(ii) निविदाकार **M/S. Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd** द्वारा **Existing Commitment and ongoing work** से संबंधित **uploaded** प्रमाण पत्र **ITB Cl. 4.7** एवं **NIT** क्रमांक–38 के अनुसार **Engineer in Charge** के द्वारा निर्गत नहीं है। इस प्रकार ये **ITB Cl. 4.7** एवं **NIT** के क्रमांक–38 की वांछित न्यूनतम अहर्त्ता पूर्ण नहीं करते है।

अतः समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त दोनो निविदाकार यथा **(i) Shivmay Construction Pvt. Ltd** को **ITB Cl.-4.7,** तथा **ITB Cl.-4.3(1)& 4.5(B)(a)** के तहत एवं **(ii) M/S. Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd** को **ITB Cl.-4.7** के तहत न्यूनतम वांछित अहर्त्ता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

4.3.1 विभागीय आदेश–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355 (एस) दिनांक–28.10.2021 के अनुसार निर्धारित अवधि दो दिनों में इस निविदा में शामिल किसी भी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त होने की स्थिति में सक्षम प्राधिकार से परिवाद निष्पादन के उपरान्त विभागीय निविदा समिति के निर्णय के अनुसार ही पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया जायेगा।

4.3.2 चूँकि यह पुनर्निविदा है, एवं तकनीकी बीड मूल्यांकन के पश्चात वित्तीय बीड के मूल्यांकन हेतु कोई भी निविदाकार शेष नहीं रह जाते है। अतः विभागीय आदेश–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355(एस) दिनांक–28.10.2021 के अनुसार निर्धारित अवधि दो दिनों में इस निविदा में शामिल किसी भी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में निविदा रद्द करते हुए पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निर्णय लिया जाता है।

4.4 तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की इस कार्यवाही को विभागीय **Website** पर प्रदर्शित किया जाय। साथ ही उक्त निविदा के निविदाकारों को **E-mail** के माध्यम से भी सूचित किया जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 30/3/26<br>(साधु शरण)<br>अधीक्षण अभियंता,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>केन्द्रीय पथ अंचल, पटना। | (– रिक्त –)<br>मुख्य अभियंता, दक्षिण के<br>सचिव (प्रा०),<br>पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | 30/3/26<br>(राज कुमार)<br>मुख्य अभियंता, दक्षिण,<br>पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः 1066 पटना, दिनांक– 30-03-26

**प्रतिलिपि** :–आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बिहारशरीफ/अधीक्षण अभियंता, केन्द्रीय पथ अंचल, पथ निर्माण विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

30/3/26
मुख्य अभियंता, दक्षिण,
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।